दिनांक : 06.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर की एसएमएस अस्पताल दुखांतिका पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से साझा की गई सोशल मीडिया पोस्ट में प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई गई है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी इस हृदय विदारक त्रासदी पर दुख जताया। श्री नड्डा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बात कर राहत कार्य और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

इस बीच, मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रस्तावित दिल्ली दौरा रद्द कर दिया है और वे स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। घटना की विस्तृत जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अगुवाई में 6 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि यह समिति आग लगने के कारणों, अग्निशमन व्यवस्था, मरीजों की सुरक्षा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के उपायों की समग्र समीक्षा करेगी। इसके साथ ही इस दुर्घटना के जिम्मेदार व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में बीती रात शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इसके बाद दम घुटन से 6 रोगियों की मौत हो गई। ट्रोमा सेंटर प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि आईसीयू में भर्ती 24 मरीजों को तुरंत ट्रॉलियों से दूसरे वार्डों में शिफ्ट किया गया।

उन्होंने बताया कि हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार किया जा रहा है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम घायलों के परिजनों से बातचीत कर रहे हैं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज माई भारत–राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में वर्ष 2022–2023 के लिए ये पुरस्कार दिये गये। श्रीमती मुर्मू ने एनएसएस इकाइयों, उनके कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों को 40 अवॉर्ड दिये। इस अवसर पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में चित्तौड़गढ़, कोटा और हनुमानगढ़ जिले में भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर पानी चित्तौड़गढ़ के भैंसरोड़गढ़ में बरसा। राजधानी जयपुर में भी सुबह से हल्की बारिश का सिलसिला शुरू हुआ, इसके बाद कुछ स्थानों पर झमाझम बरसात हुई।

राज्य के अधिकांश भागों में आज पश्चिमी विक्षोभ का सबसे ज्यादा असर रहने की संभावना है। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा, अजमेर, जोधपुर और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ तेज बारिश हो सकती है। इस दौरान कहीं–कहीं ओले भी गिर सकते हैं। बारिश की ये गतिविधियां कल भी जारी रहने का पूर्वानुमान है।

8 अक्टूबर से राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में कमी आने और अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

000

जयपुर डेयरी उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता की मिठाइयां उपलब्ध कराने के लिए नये मिठाई प्लांट शुरू कर रही है। आरसीडीएफ की सीएमडी श्रुति भारद्वाज ने बताया कि जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आज इसका उद्घाटन होगा।

000

आज शरद पूर्णिमा है। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। आज ही के दिन विशेष खीर भी बनाई जाती है, जिसे रातभर चंद्रमा की किरणों में रखने के बाद कई

आयुर्वेदिक औषधियों में प्रयोग किया जाता है। विभिन्न स्थानों पर इसका प्रसादी के रूप में भी वितरण होता है।

000

प्रदेश में चल रहे वन्यजीव सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में आज भरतपुर के कैवलादेव उद्यान में साइकिल रैली निकाली गई। इसमें स्काउट गाइड और पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। रैली के माध्यम से हरित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया।

000

जोधपुर में सालाना मारवाड़ फेस्टिवल आज से आयोजित किया जा रहा है। दो दिन के इस उत्सव में मारवाड़ की परम्परा, संस्कृति और लोककला का प्रदर्शन किया जाएगा। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से हो रहे इस आयोजन में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक शामिल होने पहुंचे हैं।

000

राजीविका की ओर से जयपुर में लगाये गये सुमंगल दीपावली मेले के उत्पाद ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान परिसर में लगे इस मेले में हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम और खाने–पीने की चीजें बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसमें कोटा डोरिया, लाख की चूड़ियां, अचार, नमकीन और राजस्थानी जूतियाँ प्रमुख हैं।

000